सशस्त्र सीमा बल का 61वाँ स्थापना दिवस

[स्रोत: पी.आई.बी](#)

चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री पश्चिम बंगाल के **सिलीगुड़ी** में सशस्त्र सीमा बल (SSB) के **61वें स्थापना दिवस समारोह** में शामिल हुए।

- उन्होंने पूर्वोत्तर और सिक्किम के प्रवेशद्वार तथा तीन अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से घिरे **सिलीगुड़ी कॉरिडोर** की सुरक्षा में सशस्त्र सीमा बल (SSB) की भूमिका की सराहना की।

सशस्त्र सीमा बल (SSB) क्या है?

- **परिचय: SSB** केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल **(CRPF)** का एक हिस्सा है, जो **नेपाल (1,751 किमी) और भूटान (699 किमी) के साथ भारत की सीमा** की रक्षा करता है।
    - यह **भारत के सात अर्द्ध-सैनिक बलों में से एक है (अन्य 6:** असम राइफल्स (Assam Rifles), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF), केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस **और** राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड **(NSG)**)।
- **गठन:** इसकी स्थापना **वर्ष 1962 में चीन के आक्रमण** के बाद **मई, 1963** में **विशेष सेवा ब्यूरो** के रूप में की गई थी।
    - यह **गृह मंत्रालय** के तत्वावधान में कार्य करता है।
- **मान्यता:** SSB **पहला केंद्रीय अर्द्ध-सैनिक बल** है जिसमें **महिलाओं को भी शामिल** किया गया है।
- मार्च, 2004 में SSB को राष्ट्रीय सुरक्षा में अपने महत्त्वपूर्ण योगदान के लिये राष्ट्रपति ध्वज से सम्मानित किया गया।
- राष्ट्रपति ध्वज किसी भी सैन्य इकाई को दिया जाने वाला **सर्वोच्च सम्मान** है।

सिलीगुड़ी कॉरिडोर क्या है?

- **परिचय:** यह एक **संकीर्ण भूमि** है, जो लगभग **60 किलोमीटर लंबी** और **17-22 किलोमीटर चौड़ी** है। इसके **संकीर्ण आकार** के कारण इसे **'चिकन नेक'** भी कहा जाता है।
- **अवस्थिति: नेपाल, भूटान और बांग्लादेश** के बीच स्थित यह भारत और इसके पूर्वोत्तर राज्यों के बीच **एकमात्र स्थलीय संपर्क मार्ग** है।
    - यह **पश्चिम बंगाल** में स्थित है।
- **महत्त्व:** यह **सैन्य रसद** में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है, तथा सड़क और रेलवे नेटवर्क के लिये प्रमुख मार्ग प्रदान करता है, जिससे सशस्त्र बलों की आवाजाही में सुविधा होती है।
    - सिलीगुड़ी कॉरिडोर तक पहुँच न होने से **भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र अलग-थलग पड़ जाएगा**, जिससे आपूर्ति लाइनें और सुदृढ़ीकरण बाधित हो जाएंगे

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/61st-raising-day-of-ssb